# डॉ. अश्विनी कुमार भा.व.से.

## महानिदेशक, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून का आफरी दौरा

## (26 अक्तूबर से 28 अक्तूबर 2015)

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून के महानिदेशक डॉ. अश्विनी कुमार भा.व.से. दिनाँक 26 अक्तूबर 2015 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी) के दौरे पर पधारे । आफरी के निदेशक श्री एन. के. वासु, भा.व.से. ने राजस्थानी परंपरा अनुसार उनका मारवाड़ी साफा पहनाकर स्वागत किया। महानिदेशक महोदय ने आफरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2015 का उद्घाटन भी किया । इस अवसर पर डॉ. अश्विनी कुमार, महानिदेशक, श्री एन. के. वासु, निदेशक आफरी एवं डॉ. जी. सिंह, सतर्कता अधिकारी, आफरी समेत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ भी ली गई। उन्होंनें इस अवसर पर सभी से ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं सतर्क रह कर कार्य करने की अपील की।

### सतर्कता जागरुकता सप्ताह का उद्घाट्न समारोह




शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर
सतर्कता जागरूकता
2015




INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND EDUCATION

वानिकी शोध में शुष्क क्षेत्र की आवश्यकताओं को मददेनजर रखते हुए एकीकृत तथा समन्वित रूप में शोध परियोजनाओं का निर्माण किया जाना चाहिए, यह उद्गार उन्होने शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर में वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रकट किए। डॉ. अश्विनी कुमार ने शोध कार्यों से क्षेत्र की पारिस्थितिकी में सुधार करने एवं स्थानीय लोगों की आजिविका में वृद्धि करने पर जोर दिया। उन्होंने आफरी के अधीन क्षेत्रों हेतु एक विजन बनाकर अगले कुछ वर्षों के लिए जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए तथा वर्तमान में उपलब्ध संसाधनों एवं उनके समुचित प्रबंधन हेतु एक दीर्घकालीन कार्ययोजना बनाने का आव्हान किया। उन्होंने इस अवसर पर आफरी परिसर में पौधरोपण भी किया, तथा वैज्ञानको को वर्तमान में चल रही विभिन्न शोध परियोजनाओं की समीक्षा कर उपयोगी सुझाव दिए।

**महानिदेशक महोदय द्वारा आफरी द्वारा संचालित परियोजनाओं की समीक्षा**



महानिदेशक डॉ. अश्विनी कुमार ने आफरी के विभिन्न प्रायोगिक क्षेत्रों तथा प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर शोध कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने शोध कार्यों में प्लेगरिजम (साहित्यिक प्रतिरोपण) रोकने पर भी जोर दिया।

## महादेशक महोदय द्वारा आफरी परिसर में पौधारोपण







महादेशक महोदय द्वारा आफरी नर्सरी का निरीक्षण





## महादेशक महोदय द्वारा विभिन्न प्रयोगिक क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं का निरीक्षण















